Global knowledge challenge
विश्व के सबसे शिक्षित व्यक्ति डॉक्टर लक्ष्मण सिंह ग्लोबल नॉलेज चैलेंज के विषय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर रहे हैं, जिसका स्थान है ग्रीन एप्पल होटल, दिन तिथि 10 मार्च 2025और समय दोपहर के एक बजे।स्थान ग्रीन एप्पल होटल रुड़की रोड मुजफ्फरनगर,उत्तर प्रदेश पिन 251002

इस प्रेस कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य है शिक्षा के महत्व को समझाना और भारत में नॉलेज कल्चर को बढ़ावा देना । डॉक्टर लक्ष्मण सिंह जिन्होंने बारह अलग-अलग विषयों में यूजीसी नेट की परीक्षा पास कर कर नेशनल रिकॉर्ड बनाया है और अनेक कीर्तिमान शिक्षा के क्षेत्रों में स्थापित किए हैं। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से लक्ष्मण सिंह यह साबित करना चाहते हैं कि हमारे देश में शिक्षा की महत्ता है उसको लोग समझते नहीं हैं और इसी विषय में जागरूक करने के लिए डॉक्टर लक्ष्मण सिंह ने वैश्विक तौर पर पूरी दुनिया के व्यक्तियों को ज्ञान के क्षेत्र में चुनौती दी है कि उन्हें मानविकी विषयों जैसे इतिहास, भूगोल, धर्म शास्त्र, कलाओं इत्यादि एवं अन्य विषयों  के ज्ञान में कोई भी हरा नहीं सकता। उल्लेखनीय है कि शुरुआती जीवन में लक्ष्मण सिंह एक असफल छात्र रहे हैं। कक्षा चार में एक बार ,कक्षा नौ में दो बार और ग्रेजुऐशन के दौरान पांच बार फेल हुए। बैचलर डिग्री लेने के लिए तीन विश्वविद्यालय बदलने पड़े उसके बाद बड़ी मुश्किल से 39% अंकों के साथ बैचलर डिग्री मिली। एक समय लक्ष्मण सिंह का सपना ही बैचलर डिग्री लेना था उसके बाद लक्ष्मण सिंह ने पीएचडी भी की और यूजीसी नेट की परीक्षा को 12 अलग अलग विषयों में पास करके नेशनल रेकॉर्ड बनाया । शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रकार का उतार चढ़ाव दुर्लभ है।

उनका कहने का मतलब है कि उनसे ज्यादा ज्ञानी व्यक्ति अभी फिलहाल इस विश्व में कोई नहीं है और इस बात की पुष्टि उनके द्वारा पास किया गया बारह विषयों में यूजीसी नेट परीक्षा पास करने बनाया गया नेशनल रेकॉर्ड और तैंतीस बार जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा पास करने से यह बात सिद्ध भी होती है।